# धराली आपदा : स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**मुख्यमंत्री धामी ने धराली क्षेत्र में राहत कार्यों का लिया जायजा**

**उत्तरकाशी जिले में बादल फटने से आई मुसीबत**

**71** सड़के बंद, नैनीताल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन बंद | **45** लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला



**नईदिल्ली, 6 अगस्त. उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में भारी वर्षा और बादल फटने के कारण आई प्राकृतिक आपदा के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तरह से अलर्ट मोड में कार्य करना शुरू कर दिया है.**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित लोगों को त्वरित इलाज मिल सके.

उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में मंगलवार को अचानक बादल फटने के बाद आई आपदा ने पूरे इलाके को तबाह कर दिया. भारी वर्षा के कारण कई मकान ढह गए, सड़कें बह गईं और जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया. इस प्राकृतिक आपदा के बाद स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं धराली क्षेत्र का दौरा किया और राहत कार्यों की समीक्षा की. स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के अनुसार, राज्य सरकार ने देहरादून, ऋषिकेश और अन्य प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में बेड रिजर्व कर दिए हैं दून अस्पताल में 150 जनरल बेड, 50 आईसीयू बेड और एम्स, ऋषिकेश में 50 जनरल और 20 आईसीयू बेड की व्यवस्था की गई है इसके अलावा, मानसिक तनाव

### कुमाऊं में 71 सड़कें बंद, 45 लोगों को निकाला गया

उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में अतिवृष्टि के चलते 8 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं जबकि 71 सड़कें बाधित हुई हैं जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि सभी ज़िलाधिकारियों से बातचीत कर क्षेत्रीय हालात की समीक्षा भी की गई. आंकड़ों के अनुसार पूरे मंडल में कुल 71 सड़कें बंद थीं, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, ग्रामीण और जिला सड़कें शामिल हैं. नैनीताल जिले में तीन राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन बंद था.

### प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री धामी से फोन पर बात की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुख्यमंत्री धामी से फोन पर बात की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस आपदा से करीब 25-30 लोग लापता हैं, जबकि कई घर और होटल क्षतिग्रस्त हो गए हैं. राहत दलों को घटनास्थल तक पहुंचने में कई जगहों पर बाधाएं आ रही हैं, लेकिन प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं. इस पूरे संकट के बीच स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन का प्रयास है कि सभी प्रभावितों को समय पर राहत पहुंचाई जाए और जल्द से जल्द

## बिहार के 23 जिलों में लागू होगी ड्रैगन फ्रूट विकास योजना : सिन्हा

**पटना, 06 अगस्त.** बिहार के उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार के 23 जिलों में अगले दो वर्षों के लिए ड्रैगन फ्रूट विकास योजना के तहत कुल 126.90 लाख (एक करोड़ छब्बीस लाख नब्बे हजार) की स्वीकृत दी गई है. सिन्हा ने बताया कि इस योजना के माध्यम से वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक राज्य में ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देना लक्ष्य तय किया गया है. उन्होंने कहा कि योजना के पहले साल वित्तीय वर्ष 2025-26 में 76.14 लाख की राशि निर्गत एवं व्यय के लिए स्वीकृत की गई है. कृषि मंत्री ने कहा कि योजना का उद्देश्य उत्पादन क्षेत्र का विस्तार करना और किसानों की आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित करना है.

## कोरबा जेल ब्रेक कांड में सहायक जेल अधीक्षक समेत तीन निलंबित

**कोरबा, 05 अगस्त. छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हाल ही में घटित जेल ब्रेक कांड में से चार कैदियों के फरार होने के मामले में सहायक जेल अधीक्षक विजयानंद सिंह और दो जेल प्रहरियों को निलंबित कर दिया गया है.**

यह कार्रवाई जेल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के मद्देनजर की गई है. यह घटना दो अगस्त की है जब जिला जेल कोरबा से चार विचाराधीन कैदी दीवार फांदकर फरार हो गए. इन फरार कैदियों में तीन कोरबा और एक रायगढ़ जिले का निवासी बताया जा रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और तत्काल पुलिस व प्रशासन हरकत में आ गया. घटना के अगले ही दिन जेल महानिदेशक (डीजी) हिमांशु गुप्ता स्वयं कोरबा पहुंचे और जेल का निरीक्षण किया. उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी ली और सुरक्षा में हुई गंभीर चूक पर नाराज़गी जताई. निरीक्षण के बाद उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. निरीक्षण के बाद कार्रवाई करते हुए जेल प्रशासन ने सहायक जेल अधीक्षक विज्जयानंद सिंह और दो अन्य जेल प्रहरियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह माना जा रहा है कि जेल की निगरानी और सुरक्षा में गंभीर चूक की वजह से ही यह फरारी संभव हो पाई. घटना के बाद जिलेभर में नाकेबंदी की गई और पुलिस व विशेष टीमें फरार कैदियों की तलाश में जुटी हैं. लेकिन चार दिन बीतने के बावजूद अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

# राज्यभर में बनेंगे 704 नए पुल : नीतीश

### मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत होगा निर्माण

**पटना, 06 अगस्त. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यभर में कुल 704 नए पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है.**

बिहार में गांवों को शहरों से जोड़ने और ग्रामीण स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने एक बड़ी पहल की है. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यभर में कुल 704 नए पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. इस योजना पर 3,688 करोड़ रूपये की धनराशि खर्च की जाएगी। जिससे राज्य के हजारों गांवों को स्थायी और सुरक्षित सड़क संपर्क मिल सकेगा. इस योजना का उद्देश्य राज्य के उन ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध सड़क संपर्क स्थापित करना है, जहां आज भी बरसात, बाढ़ या पुराने जर्जर पुलों के कारण आवागमन बाधित हो जाता है. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत न सिर्फ पुराने और जर्जर पुलों की जगह नए और मजबूत पुल बनाए जाएंगे.

बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त पुलों को फिर से खड़ा किया जाएगा। राज्य के कई ग्रामीण इलाकों में पुल तो पहले से बने हुए हैं लेकिन पहुंच पथ का निर्माण नहीं हो सका है. अब वहां भी पुलों के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करेंगे, जिससे लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो. राज्य के जिन जिलों में इन पुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है.

## रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला!

**रायबरेली. 06 अगस्त.** राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने हमला करने की कोशिश की। घटना के दौरान मंच पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन समर्थकों की सतर्कता से बड़ी अनहोनी टल गई. रायबरेली के एक राजनीतिक कार्यक्रम में उस समय सनसनी फैल गई जब समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक अज्ञात युवक ने हमला करने की कोशिश की. मंच पर जब स्वामी मौर्य समर्थकों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे.

# मंत्री शिवराज से मिले छग के उप मुख्यमंत्री शर्मा

### ग्रामीण विकास के लिए 376 करोड़ रुपए मंजूर

**नई दिल्ली, 06 अगस्त. केंद्र ने छत्तीसगढ़ में 100 पुलों और अन्य निर्माण कार्यों के लिए बुधवार को 375.71 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की.**

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य की विकास योजनाओं को लेकर राजधानी में ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक की. इसी बैठक में उन्हें राज्य की योजनाओं के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. बैठक में राज्य में चावल के भंडारण के लिए वैकल्पिक उपाय, ग्रामीण और पंचायत स्तर पर व्यवस्था को मजबूत करने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नए घरों की स्वीकृति के लिए सर्वे एवं अन्य विभिन्न विषयों पर भी चर्चा एवं भावी रणनीतियों पर बातचीत हुई.





चौहान ने बताया कि पीएम जनमन बैच-द्वितीय (2025-26) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को 375.71 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 6,569.56 मीटर लम्बाई के 100 पुल स्वीकृत किए हैं. इस स्वीकृति के साथ राज्य को अब तक 715 सड़कें (2,449.108 किलोमीटर) एवं 100 पुलों के निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है.

# सुषमा स्वराज हर भारतीय की आवाज बनीं

▶ कई नेताओं ने पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**नईदिल्ली, 06 अगस्त. भारत की प्रखर, ओजस्वी व प्रभावशाली नेत्री, 'पद्म विभूषण' सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर सम्पूर्ण राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है. नारी शक्ति की प्रतीक, सादगी व सेवा की मिसाल रही सुषमा जी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है.**



अमित शाह ने कहा कि दओजस्वी वक्ता और प्रभावशाली नेत्री सुषमा स्वराज जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ. सुषमा स्वराज का पूरा जीवन लोक कल्याण और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा. संगठन से लेकर सरकार तक हर दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने वाली सुषमा स्वराज जी ने विदेश मंत्री के रूप में विदेशों में रहने वाले भारतीयों की निरंतर मदद की.

### राष्ट्र सेवा में उनका योगदान अविस्मरणीय



किरन रिजीजु ने कहा कि ओजस्वी वक्ता, प्रखर नेत्री और जनसेवा को समर्पित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि. राष्ट्र सेवा में उनका योगदान अविस्मरणीय है. उनका सादगीभरा जीवन और सशक्त नेतृत्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा.



वहीं, शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज हमारी श्रद्धेय बहन सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि है. इस दुनिया से विदा हुए उन्हें छह वर्ष बीत गये, लेकिन आज भी लगता है कि वह हमारे बीच यहीं कहीं हैं. उनमें कुशल प्रशासक का गुण तो था ही, उनके व्यवहार में मां की ममता और बहन का प्यार स्पष्ट झलकता था. दीदी हम सबके हृदय में एक पवित्र प्रकाश पुंज की भांति अनंत काल तक देदीप्यमान रहेंगी.



सीएम योगी बोले कि नारी शक्ति की जीवंत प्रतीक, सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने देश और देशवासियों की सेवा की, सादगी एवं शुचिता युक्त उनका आदर्श जीवन एक प्रेरणा है.

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली ढेर

**बीजापुर, 06 अगस्त.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में बुधवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक वर्दीधारी माओवादी को ढेर कर दिया गया. मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एक हथियार, पिट्ठू, और नक्सल साहित्य सहित दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है. इस कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि पुलिस अधिकारियों ने की है. जिला रिजर्व गार्ड और विशेष कार्य बल की संयुक्त टीम गंगालूर थाना क्षेत्र के जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी. इसी दौरान घने जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्च ऑपरेशन तेज किया गया. तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी.

# ट्रंप की धमकियों से बच रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, 06 अगस्त. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है इसलिए मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं.**

राहुल ने कहा कि ट्रंप की बार-बार की धमकियों पर मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करता है. उनका कहना था कि यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं. गांधी सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत, कृपया समझे. प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, इसका कारण अडानी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है. उन्होंने कहा, यह धमकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करती है. मोदी के हाथ बंधे हुए हैं.

### झारखंड की चाईबासा कोर्ट से राहुल को राहत



राहुल गांधी ने 28 मार्च 2018 को एक कार्यक्रम मे बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. उनके इसी बयान के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था. झारखंड की चाईबासा कोर्ट से राहुल गांधी को राहत, मानहानि के मामले में मिली जमानतराहुल गांधी ने 28 मार्च 2018 के दिन एक कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. उनके इसी बयान के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था. झारखंड की चाईबासा कोर्ट से राहुल गांधी को राहत, मानहानि के मामले में मिली जमानत राहुल गांधी को कोर्ट से मिली राहत मामला 28 मार्च 2018 का है जब राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी.

## एक नजर में



### नड्डा ने फिलिपींस के राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली,06 अगस्त.** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस जूनियर से मुलाकात की. भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा, जेपी नड्डा ने आज नई दिल्ली में भाजपा को जानें पहल के तहत फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम फर्डिनेंड रोमुअलडेज़ मार्कोस जूनियर से मुलाकात की.

### कैलिफोर्निया में जंगल में आग, इमारतें खतरे में

**लॉस एंजिल्स, 06 अगस्त.** मध्य कैलिफ़ोर्निया में तेज़ी से फैल रही एक जंगल की आग से सैकड़ों इमारतों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है. अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. आग ने पांच दिनों से भी कम समय में 82,000 एकड़ (लगभग 332 वर्ग किमी) से ज्यादा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है. अमेरिकी वन सेवा और कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, गिफ़र्ड फ़ायर नामक यह जंगल की आग शुक्रवार अपराह्न भड़की थी. मौजूदा समय में आग सैन लुइस ओबिस्पो और सांता बारबरा दोनों काउंटियों में सांता लूसिया रोड धधक रही है. अधिकारियों ने बताया कि आग 870 से ज्यादा इमारतों के लिए ख़तरा है और मंगलवार सुबह तक केवल सात प्रतिशत आग पर ही काबू पाया जा सका था. आग के कारण सांता बारबरा और सैन लुइस ओबिस्पो के निवासियों को घर खाली करने के आदेश दिए गए हैं. अमेरिकी वन सेवा के अधिकारियों ने कहा, अनियमित आग के कारण निवासियों को अपने क्षेत्र में बदलती परिस्थितियों पर नजर रखनी चाहिए.

### दिल्ली पुलिस का उपनिरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 06 अगस्त.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तरी दिल्ली पुलिस थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के उपनिरीक्षक को एक व्यक्ति से उसके चचेरे भाई को गिरफ्तार न करने और अग्रिम जमानत दिलाने में मदद करने के एवज में 40 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. सीबीआई के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक विजय सिंह के खिलाफ मंगलवार को मामला दर्ज किया था. आरोपी ने शिकायतकर्ता से उसके चचेरे भाई को गिरफ्तार न करने और अग्रिम जमानत दिलाने में मदद करने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी. बाद में वह 40 हजार रुपये लेने के लिए तैयार हो गया. सीबीआई ने योजनाबद्ध ढंग से जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया.

# एनटीपीसी में बड़ा हादसा, तीन की मौत

**बिलासपुर, 06 अगस्त. छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के सीपत स्थित राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) संयंत्र में बुधवार को एक भीषण औद्योगिक हादसे में तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे के आसपास हुआ, जब संयंत्र परिसर के भीतर मरम्मत कार्य के दौरान एक भारी मशीनरी असंतुलित होकर गिर गई.**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक श्रमिकों की पहचान स्थानीय ठेका कंपनी के कर्मचारियों के रूप में हुई है. घायल श्रमिकों को तत्काल बिलासपुर के सिम्स और अपोलो अस्पताल में रेफर किया गया है जहां उनका इलाज जारी है. स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना के तुरंत बाद संयंत्र प्रबंधन और सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे. एनटीपीसी प्रबंधन ने हादसे की पुष्टि करते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं. वहीं मौके पर पहुंची सीपत पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है. हादसे के कारण संयंत्र के संबंधित सेक्शन में कार्य को एहतियातन रोक दिया गया है और सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की जा रही है. स्थानीय लोगों और मृतक कर्मचारियों के परिजनों में गहरा रोष है. प्रशासन से मुआवजे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है.

### मोहाली फैक्ट्री में विस्फोट से 2 की मौत

पंजाब में मोहाली के फेज-9 इंडस्ट्रियल एरिया में एक ऑक्सीजन उत्पादन इकाई में मंगलवार सुबह हुए सिलेंडर धमाके में दो कर्मचारियों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के घर हिल गये और फैक्ट्री की छत को भारी नुकसान पहुंचा. सिलेंडर के धातु के टुकड़े करीब एक किलोमीटर दूर तक बिखर गये. मृतकों के शरीर के अंग भी दूर-दूर तक पाये गये। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान कंबाला गांव के आसिफ खान और देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है. यह प्लांट ट्राइसिटी और पंजाब के अस्पतालों को ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराता है.

## आज का इतिहास

- **1461** मिंग चीनी जनरल काओ किन ने तियानशुन सम्राट के खिलाफ एक असफल तख्तापलट किया।
- **1576** डेनिश खगोलशास्त्री टायको ब्राहे की वेधशाला यूरैनिबर्ग की आधारशिला हेवेन द्वीप पर रखी गई थी।
- **1606** शेक्सपियर की नाटक मैक्बेथ का पहली बार मंचन किंग जेम्स प्रथम के लिए किया गया।
- **1668** प्रसिद्ध न्यूटन ने ट्रिनीटी कॉलेज कैंब्रिज से मास्टर डिग्री हासिल की।
- **1710** सिडनी के गोडोल्फिन अर्ल ने पहले वित्त मंत्री के रूप में इस्तीफा दिया।

### एकनाथ शिंदे ने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की



**नईदिल्ली, 06 अगस्त.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. उन्होंने इसे राज्य मंत्रिमंडल विस्तार के बाद एक शिष्टाचार भेंट बताया.

# सभी एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर

**नई दिल्ली. 6 अगस्त. देशभर के एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. बीसीएएस (ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी) को खुफिया एजेंसियों से सूचना मिली है कि 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 के बीच बड़े आतंकी हमले की आशंका है.**

इसके मद्देनज़र नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी हवाई अड्डों, हेलीपैड, हवाई पट्टियों और प्रशिक्षण संस्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं. खुफिया इनपुट में बताया गया कि कुछ असामाजिक तत्व देश की हवाई सुरक्षा को निशाना बना सकते हैं. सभी एयरपोर्ट्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है. सुरक्षा बलों को टर्मिनल, पार्किंग एरिया और परिसर में 24 घंटे गश्त के निर्देश दिए गए हैं. अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों पर भी विशेष निगरानी की जा रही है, कार्गो और मेल पार्सल की कड़ी जांच हो रही है. एयरपोर्ट अथॉरिटी को निर्देश दिया गया है कि सभी आगंतुकों, कर्मचारियों और ठेकेदारों की पहचान की जांच की जाए. बिना अनुमति किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा. सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है और संदिग्ध वस्तुओं या गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई का आदेश है. बीसीएएस ने सीआईएसएफ, लोकल पुलिस और अन्य एजेंसियों को समन्वय से कार्य करने को कहा है. यात्रियों से भी सतर्क रहने और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की गई है.

**आयोजन** ▶ टैबलेट, नियुक्ति-पत्र और जनकल्याण योजनाओं का वितरण

# नया भारत बिना भेदभाव सबको जोड़ता है : योगी

**बरेली, 06 अगस्त. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पिछली सरकारें सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं.**

बरेली में 2264 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के अवसर पर उन्होने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं. यह यात्रा अब सामाजिक



एकता का प्रतीक बन चुकी है. बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है. मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किये.

योगी ने कहा डबल इंजन की भाजपा सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर रही है. 2017 से पहले बरेली हर तीसरे महीने दंगों की आग में जलता था, अब वह नाथ कॉरिडोर और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए जाना जाता है. अब किसी योजना में जाति, मजहब या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है. यह नया भारत है, जो सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है. आज बरेली में तेजी के साथ विकास हो रहा है. प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित कर्तव्य भवन 3 कर्तव्यनिष्ठ शासन की नूतन दृष्टि और प्रशासनिक दक्षता के नए संकल्पों का सजीव प्रतीक है. यह अत्याधुनिक भवन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों को एकीकृत कर कार्य-प्रवाह को सहजता, समन्वय को सुगमता एवं नवाचार को व्यापकता प्रदान करेगा और एक जवाबदेह प्रशासनिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा. जनपद बरेली में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण शिलान्यास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र/टैबलेट व नियुक्ति-पत्र वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी ने बच्चों को संस्कारों के साथ जोड़कर से पढ़ाया.